GALLANTT

GML/DEL/2019-20
October 15, 2019

| | |
|---|---|
| Corporate Relationship Manager<br>**Bombay Stock Exchange Limited**<br>Floor 25, PJ Towers<br>Dalal Street, Mumbai- 400 001.<br>INDIA.<br>Scrip Code: 532726 | Mr. Hari K. - V.P.-Listing<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>"EXCHANGE PLAZA"<br>Bandra - Kurla Complex, Bandra (East)<br>Mumbai- 400 051. INDIA<br>Scrip Code: GALLANTT |

Dear Sir/Madam,

**SUB: NEWSPAPERS CUTTINGS FOR PUBLICATION OF NOTICE OF MEETING OF BOARD OF DIRECTORS OF THE COMPANY**

Please find attached herewith newspapers cuttings publishing Notice of Board Meeting in two newspapers Business Standard (English all editions) and Naya India (Hindi - Vernacular) inter alia,

1. To consider and approve the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2019 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **GALLANTT METAL LIMITED**
GALLANTT METAL LTD.
Company Secretary
Tarun Kumar Rathi
**COMPANY SECRETARY**
**M.N. A53303**
Encl: As above

नया इंडिया

## रूस ने पूर्वी भूमध्यसागर में क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया

*टार्टस, वार्ता।* रूस ने भूमध्यसागर के पूर्वी क्षेत्र में अभ्यास के दौरान कैलिब्र क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। नौसेना में द्वितीय रैंक के कप्तान और जहाज कमांडर एंटन कुप्रिन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, "पिछले दो वर्षों के भीतर जहाज के सभी हथियारों की जांच की गई है। परीक्षण के दौरान कैलिब्र क्रूज मिसाइल और हवाई सुरक्षा प्रणाली का भी निरीक्षण किया गया।" उन्होंने बताया कि यह रूस का सबसे आधुनिक हथियार हैं और अभ्यास के दौरान सभी परिक्षण सफल रहे।



# सार समाचार

## श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव पर विदेशी निगरानी दल रखेंगे नजर

**कोलंबो, भाषा।** श्रीलंका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव पर चार विदेशी चुनाव निगरानी दल नजर रखेंगे। देश में 16 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। कोलंबो पेज की खबर के मुताबिक चुनाव आयोग के आमंत्रण पर पर्यवेक्षकों के तीन दल यहां पहुंच भी चुके हैं। चुनाव के स्थानीय पर्यवेक्षकों के बुलाने पर एक अन्य दल भी आने वाला है। इस चुनाव में मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं सत्तारूढ़ यूएनपी के नेता सजीत प्रेमदासा और पूर्व रक्षा प्रमुख गोतबया राजपक्षे।

## एफएटीएफ के समक्ष रिपोर्ट पेश करने के लिए पाक दल पेरिस में

**इस्लामाबाद, भाषा।** ईरान और उत्तर कोरिया के साथ एफएटीएफ की काली सूची में नाम आने के जोखिम का सामना कर रहे पाकिस्तान के वित्त मंत्री के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन पर लगाम लगाने के लिए इस्लामाबाद के कदमों पर अपना पक्ष रखेगा। पेरिस स्थित फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पिछले साल जून में पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डाल दिया था और उसे अक्टूबर, 2019 तक पूरा करने के लिए एक कार्ययोजना सौंपी थी अन्यथा काली सूची में नाम आने के खतरे का सामना करने की चेतावनी दी थी। एफएटीएफ इस साल अप्रैल तक पाकिस्तान की ओर से हुई प्रगति का अध्ययन कर रही है। 13 अक्टूबर से शुरू होकर 16 अक्टूबर तक चलने वाले एफएटीएफ सप्ताह में यह समीक्षा की जा रही है। इसमें तय किया जाएगा कि पाकिस्तान ग्रे लिस्ट में ही बना रहे या उसे काली सूची में डाल दिया जाए या फिर क्लीन चिट दे दी जाए।

डॉन न्यूज ने सोमवार को खबर प्रकाशित की कि एफएटीएफ के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट पेश करने वाले पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे आर्थिक मामलों के मंत्री हम्माद अजहर रविवार को पेरिस पहुंचे। वह बैठकों में शामिल होंगे।

बैठकों में 205 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस बीच एफएटीएफ के पाकिस्तान पर आने वाले अहम फैसले से पहले अमेरिका ने शनिवार को कहा था कि इस्लामाबाद को अपनी जमीन से आतंकवादी समूहों को गतिविधियां चलाने से रोकना चाहिए तथा लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद समेत उसके शीर्ष नेताओं पर मुकदमा चलाना चाहिए।

## जापान में हगीबिस तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हुई

**तोक्यो, एएफपी।** जापान में हगीबिस तूफान से कम से कम 56 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने सोमवार को यह खबर दी। उसने बताया कि बचावकर्मी लोगों के बचे होने की आस में रात-दिन उन्हें ढूढने में लगे हुए हैं। प्रसारक ने कहा कि अब भी 15 लोग लापता हैं। शनिवार को तोक्यो और उसके आसपास के क्षेत्रों में रात में यह तूफान आया। यह कई दशकों में आने वाले सबसे भयंकर तूफानों में एक है।

# पाक हाफिज समेत लश्कर के आतंकियों पर अभियोग चलाए

**वाशिंगटन ■ भाषा**

अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान को उसकी जमीन से आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे आतंकवादी समूहों को रोकना चाहिए और लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद समेत इस संगठन के अन्य आतंकवादियों के खिलाफ अभियोग चलाना चाहिए।

अमेरिका ने पाकिस्तान को काली सूची में डालने या नहीं डालने को लेकर वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (फायनेन्शियल एक्शन टास्क फोर्स) के अहम फैसले से पहले यह बयान दिया है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय की दक्षिण एवं मध्य एशियाई ब्यूरो प्रमुख एलिस वेल्स ने पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा/जमात-उद-दावा के चार आतंकवादियों की गिरफ्तारी का स्वागत भी किया।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बृहस्पतिवार को आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपों में प्रतिबंधित लश्कर ए तैयबा/जमात उद दावा के शीर्ष चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। लश्कर ए तैयबा/जमात उद दावा के बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किये गये शीर्ष चार आतंकवादियों के नाम प्रोफेसर जफर इकबाल, याहिया अजीज, मोहम्मद अशरफ तथा अब्दुल सलाम हैं।

वेल्स ने ट्वीट किया, ''जैसा कि (पाकिस्तान के प्रधानमंत्री) इमरान खान ने कहा है, पाकिस्तान को अपने भविष्य के लिए आतंकवादियों को अपनी जमीन से काम करने से रोकना होगा।''

उन्होंने कहा, ''हम इस समाचार का स्वागत करते हैं कि पाकिस्तान ने लश्कर के चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। लश्कर के क्रूर हमलों के पीड़ित इस बात के हकदार है कि वे लश्कर के सरगना हाफिज सईद समेत इन लोगों के खिलाफ अभियोग चलता देखें।'' पाकिस्तान का उसकी जमीन से गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को पकड़ने और रिहा कर देने का इतिहास रहा है। वेल्स का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एफएटीएफ को देश के 'ग्रे सूची' के दर्जे पर अपना निर्णय देना है।

एफएटीएफ ने पिछले साल जून में पाकिस्तान को 'ग्रे' सूची में डाल दिया था। पाकिस्तान को अक्टूबर 2019 तक पूरी करने के लिए एक कार्ययोजना दी गई थी। इसे पूरा नहीं कर पाने पर पाकिस्तान पर ईरान और उत्तर कोरिया के साथ काली सूची में डाले जाने का खतरा है। पाकिस्तान के प्रदर्शन की 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाली समीक्षा यह तय करेगी कि इस्लामाबाद ग्रे सूची में रहता है या उसे काली सूची में डाल दिया जाता है या क्लीन चिट दे दी जाती है।

वेल्स ने पिछले महीने भी पाकिस्तान से कहा था कि वह सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों के खिलाफ अभियोग चलाए। उन्होंने कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होना इस बात पर निर्भर करेगा कि इस्लामाबाद ''सीमा पार घुसपैठ'' में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कितना गंभीर है। जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा निरस्त करने के भारत सरकार के अगस्त के फैसले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत के इस फैसले का पाकिस्तान ने कड़ा विरोध किया है। उसने भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया है और भारतीय राजदूत को निष्कासित कर दिया है। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के बाद से कश्मीर मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है लेकिन नयी दिल्ली ने जोर देकर कहा है कि अनुच्छेद 370 उसका आंतरिक मामला है।

## महात्मा गांधी के सम्मान में इजराइल में प्रदर्शनी

**यरूशलम ■ भाषा**

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर उनके सम्मान में यरूशलम में एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी है जिसमें भारत के कुछ प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ ही कई प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं की कृतियों को भी शामिल किया गया है।

आयोजकों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह प्रदर्शनी रविवार को शुरू हुयी और इसे ''सत्य के साथ प्रयोग'' (एक्सपेरिमेंट विद द ट्रुथ) शीर्षक दिया गया है।

यरूशलम बाइनेले संस्था के संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर रामी ओजरी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कृतियां आध्यात्मिक मान्यताओं और मानव समस्याओं और आशाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चित्रण करती हैं या आश्चर्य और विडंबना के साथ अंतिम सत्य को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ कृतियां गांधी के व्यक्तित्व को दर्शाती हैं। प्रत्येक कृति सच्चाई के साथ मानवता के प्रयोगों और ईश्वर के लिए शाश्वत प्रयास को भी दर्शाती हैं। प्रदर्शनी में सतीश गुजराल, अंजलि इला मेनन, असित पटनायक, अर्पणा कौर, अविजित रॉय, बिमन बी दास, अम्बालिका चित्रकारा, नीरज गुप्ता, कोटा नीलिमा, रिनी धूमल, नरेन सेनगुप्ता, सिद्धार्थ, सीमा कोहली, श्रुति चंद्रा और वसुंधरा तिवारी की कृतियां प्रदर्शित की गयी हैं।

ललित कला अकादमी ने भी इसमें सहयोग किया है। बयान में कहा गया है कि दृश्य कला की भाषा का उपयोग करते हुए प्रदर्शनी का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय दृष्टिकोण से लेकर धार्मिक विचार का पता लगाना है। प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर यहां भारतीय दूतावास की एक वरिष्ठ राजनयिक मुआनपुई सैवी ने कहा कि जब उन्होंने इजराइल के पहले प्रधानमंत्री डेविड बेन-गुरियन के शयनकक्ष में महात्मा गांधी की तस्वीर देखी, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। यह प्रदर्शनी शहर के प्रतिष्ठित ''बेगिन हेरिटेज सेंटर'' आयोजित की गयी है।

## ब्रेक्जिट समझौता इसी सप्ताह होने की संभावना

**लक्जमबर्ग ■ एएफपी**

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ की सप्ताहांत में हुई गहन बातचीत के बाद आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री सिमोन कोवेनी ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में ब्रेक्जिट समझौता हो सकता है।

यूरोपीय संघ (ईयू) की बृहस्पतिवार को होने वाली एक अहम बैठक से पहले राजनयिकों ने चेतावनी दी है कि दोनों पक्षों में आयरलैंड द्वीप पर व्यापार तथा सीमाशुल्क के प्रबंधन से जुड़े प्रश्नों पर अब भी सहमति नहीं बनी है।

ब्रसेल्स में अधिकारियों के बीच बातचीत फिर शुरू हो गयी है। ऐसे में आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सिमोन कोवेनी ने सावधानी बरतने का आग्रह किया लेकिन कहा कि अलग होने की व्यवस्था बने बिना ब्रिटेन के बाहर निकलने से बचने के लिए समझौता हो सकता है।

लक्जमबर्ग में ईयू के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत के लिए पहुंचे कोवेनी ने संवाददाताओं से कहा, ''समझौता हो सकता है और यह इसी महीने संभव है। इस सप्ताह भी यह हो सकता है। लेकिन अभी तक हम उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जैसे कि ईयू के वार्ताकार माइकल बर्नियर ने कल कहा कि अभी बहुत काम करना बाकी है और मुझे उम्मीद है कि हम आज प्रगति कर सकते हैं।'' क्या इस सप्ताह समझौता हो सकता है, इस प्रश्न पर स्पेन के विदेश मंत्री जोसफ बोरेल ने कहा, ''हम ऐसी उम्मीद करते हैं। हम उम्मीद नहीं खोएंगे।''

## खतरे के बावजूद चुनाव अभियान जारी रखेंगे ट्रूडो

**मोंट्रियल, एएफपी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को कहा कि उन्होंने सुरक्षा जैकेट पहनकर अपना चुनावी अभियान जारी रखने का निर्णय किया है। 'सीबीसी' की खबर के अनुसार उनकी सुरक्षा को पेश खतरे के कारण यह कदम उठाया गया है। यॉर्क में चुनाव प्रचार के दौरान ट्रूडो ने कहा, " इससे मेरे प्रचार अभियान पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।'' ट्रूडो ने शनिवार को बुशर्ट और जैकेट के नीच सुरक्षा कवच पहन रखा था। पत्रकारों के सुरक्षा संबंधी खतरों के सवाल पर ट्रूडो ने कहा, " मेरी पहली प्राथमिकता मेरा परिवार और यहां मौजूद सभी कनाडियाई लोग है।''

## सीरिया से सेना वापस नहीं बुलाने की ट्रम्प से अपील

**वाशिंगटन ■ स्पूतनिक**

अमेरिका के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद एक प्रस्ताव के जरिए सीरिया से अमेरिकी सेना को वापस नहीं बुलाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपील करेंगे।

सीनेट के अल्पसंख्यक नेता चार्ल्स शूमर ने कहा कि अमेरिकी सेना को वापस बुलाय जाने के वजह से तुर्की उत्तरी सीरिया में कुरदीश इकाईओं पर हमला कर रहा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिनिधि एवं सभापति और श्री शूमर के बीच में हुयी बातचीत के बाद यह प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया है।

शूमर ने रविवार को कहा, "हम एक प्रस्ताव के जरिए श्री ट्रंप से सेना को सीरिया से वापस बुलाने के निर्णय को पलटने का अनुरोध करेंगे ताकि सीरिया में कुरदीशों को बचाया जा सके। हम इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि तुर्की अमेरिका के साथ सीरिया संबधी समझौतों का सम्मान करे और उन पर कायम रहे।"

उन्होंने कहा कि श्री ट्रम्प के निर्णय को वापस लेने के लिए वह इस प्रस्ताव को पारित कराने की हर संभव कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प ने कुछ दिन पहले सीरिया से अमेरिकी सेना को वापस बुलाने का फैसला लिया था जिसके बाद तुर्की ने उत्तरी सीरिया में मौजूद कुरदीश समूहों पर हमले तेज कर दिए है।

## इक्वाडोर में सात प्रदर्शनकारियों की मौत, 1340 घायल

**ब्यूनस आयर्स, स्पूनिक।** इक्वाडोर में जारी विरोध प्रदर्शन में मारे गये लोगों की संख्या बढ़कर सात हो गयी है, जबकि 1340 लोग घायल हुये है। प्रशासनिक कार्यालय ने रविवार को ट्वीट कर कहा, " कुल 1152 लोगों को हिरासत में लिया गया है, सात की मौत हुयी है और 1340 लोग घायल है।" पहले मिली रिपोर्टों में पांच प्रदर्शनकारी मारे जाने की बात कही गयी थी। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर के शुरु से ही इक्वाडोर में व्यापक स्तर प्रदर्शन हो रहे है। राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो ने दशकों पुरानी ईंधन सब्सिडी को समाप्त कर दिया था। और कहा था कि देश अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता है।

# आर्थिकी/कंपनियां


## शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हुआ गुलजार

**मुंबई ■ वार्ता**

एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दूरसंचार, ऑटो और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ते हुये करीब दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 87.39 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 38,214.47 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त में 11,329.80 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों का एक अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और चीन के बीच पिछले सप्ताह हुई व्यापार वार्ता के सकारात्मक परिणाम की उम्मीद में एशियाई शेयर बाजार मजबूत बढ़त में रहे।



हांगकांग का हैंगसेंग 0.81 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.11 प्रतिशत और जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। ब्रेक्जिट की चिंता में यूरोपीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.58 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.87 प्रतिशत टूट गया। घरेलू शेयर बाजार में दूरसंचार, ऑटो, तेल एवं गैस, रियलिटी तथा धातु समूहों में एक से सवा दो प्रतिशत तक की बढ़त रही। आईटी और टेक समूहों ने सबसे ज्यादा दबाव बनाया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई का स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत और मिडकैप 0.44 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सेंसेक्स में कुल 2,734 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,281 के शेयर गिरावट में और 1,224 के बढ़त में रहे जबकि 229 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये। एशियाई शेयर बाजारों से समर्थन पाकर सेंसेक्स 81.16 अंक की तेजी के साथ 38,208.24 अंक पर खुला। आईटी और टेक कंपनियों के दबाव में बिल्कुल शुरुआती कारोबार में यह चंद मिनटों के लिए लाल निशान में उतरकर 38,066.13 अंक तक टूटा भी, लेकिन इसके बाद इसने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## देश में 5जी परीक्षण की अनुमति

**नई दिल्ली, वार्ता।** संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने वर्ष 2020 तक सभी के लिए ब्रॉडबेंड सेवायें सुनिश्चित करने की घोषणा करते हुये सोमवार को कहा कि देश में कुछ कंपनियों को 5जी परीक्षण करने की अनुमति दी गयी है।

प्रसाद ने यहाँ प्रौद्योगिकी आधारित तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2019 का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि अब 5जी समय की मांग है और इसके मद्देनजर कुछ कंपनियों को इसके परीक्षण की अनुमति दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार देश को डाटा आधारित प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाना चाह रही है लेकिन इसके लिए देश की डाटा संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। डिजिटल दुनिया में पैठ बढ़ने के साथ ही अब साइबर सुरक्षा को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा डाटा उत्पन्न कर रहा है। इसके मद्देनजर भारत को डाटा विश्लेषण को एक बड़ा केंद्र बनना चाहिए।

प्रसाद ने सोशल मीडिया के लिए एन्क्रिप्ट प्लेटफार्म बनाये जाने की आवश्यकता बताते हुये उन्होंने कहा कि फेसबुक और व्हाट्सअप के लिए भारत सबसे बड़ा बाजार है। ट्विटर के लिए भारत तीसरा बड़ा बाजार है। सोशल मीडिया पर अफवाहों तथा फेक न्यूज पर रोक लगाने के लिए एन्क्रिप्ट प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। इससे अफवाह के अलावा मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं नहीं होंगी। डाटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सरकार काम कर रही है। सरकार डाटा मामले पर किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं करेगी। डाटा गोपनीयता पर काम जारी है और इसकी सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

### बिजनेस सुर्खियां

## भारी उतार-चढ़ाव के बीच रुपया 20 पैसे लुढ़का

**मुंबई, वार्ता।** विभिन्न विरोधाभासी कारकों के परिणाम स्वरूप अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सोमवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया और अंत में यह 20 पैसे लुढ़ककर करीब चार सप्ताह के निचले स्तर 71.23 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर चार पैसे मजबूत होकर 71.03 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

रुपये में आज आरंभ में तेजी रही। यह 20 पैसे की बढ़त में 70.83 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 70.74 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया। सेंसेक्स की शुरुआती मजबूती में रुपये को समर्थन दिया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के भारतीय पूँजी बाजार में शुद्ध निवेश करने से भी भारतीय मुद्रा मजबूत हुई।

बाद में दुनिया की अन्य छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के सूचकांक के मजबूत होने से रुपये पर दबाव आ गया। यह 71.23 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद हुआ जो 19 सितंबर के बाद का निचला बंद भाव है।

## सोना 230 रुपये चमका, चाँदी भी मजबूत

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 230 रुपये चमककर 39,370 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 110 रुपये की मजबूती के साथ बाजार बंद होते समय 46,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। विदेशों में सोना हाजिर 1.70 डॉलर की बढ़त के साथ 1,492.20 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा भी 5.10 डॉलर चमककर 1,493.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि तकनीकी कारणों से आज सोने में मामूली तेजी रही। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध को लेकर हुई वार्ता को लेकर अब तक काफी सकारात्मक धारणा है, हालाँकि वार्ता का सीमित विवरण ही सामने आ पाया है। इससे निवेशक पूँजी बाजार में निवेश के लिए तैयार हैं। इससे सोने की बढ़त सीमित रही।

## कंपनियां कर रही हैं 5जी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजधानी दिल्ली में सोमवार से तकनीकी पर आधारित दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा मेला इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2019 (आईएमसी) शुरू हो गया। तीन दिवसीय मोबाइल कांग्रेस 16 अक्टूबर तक चलेगी। इस मेले के आयोजन दूरसंचार विभाग के सहयोग से संचार क्षेत्र की कंपनियों के शीर्ष संगठन सीओएआई की ओर से एयरोसिटी में किया गया है। इसमें दुनियाभर के 30 देशों से 500 से ज्यादा कंपनियाँ हिस्सा ले रहीं हैं। तीन दिन में यहाँ एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है।

संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संचार क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों की मौजूदगी में इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर दूरसंचार सचिव अंशु प्रकाश, वोडाफोन आइडिया के कुमार मंगलम बिड़ला, रिलांयस जियो बोर्ड के निदेशक महेन्द्र नाहटा, भारती एयरटेल के राकेश भारती मित्तल, ट्राई के अध्यक्ष आर.एस. शर्मा, सीओएआई के महानिदेशक राजन मैथ्यूज, फेसबुक से मोनिका देसाई, क्वालकॉम से पराग कैर, आईटीयू से मैलकॉम जॉनसन समेत सभी दिग्गज मोबाइल और टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। आईएमसी में वाणिज्य और संचार मंत्रालय की ओर से भारतीय पवेलियन लगाया गया है। इस बार भारतीय पवेलियन का फोकस एसएमई और स्टार्टअप पर रखा गया है। इस पवेलियन में कई राज्यों के एसएमई और स्टार्टअप से जुड़े उत्पाद पेश किए जाएंगे। इस मौके पर केपीएमजी द्वारा तैयार एक रिपोर्ट भी जारी की गयी जिसमें कहा गया है कि 5जी से 0.35 प्रतिशत से लेकर 0.5 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बढोतरी हो सकती है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी इसी वित्त वर्ष में: प्रसाद

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने स्पेक्ट्रम मूल्य में सुधार का आश्वासन देते हुये सोमवार को कहा कि स्पेक्ट्रम नीलामी चालू वित्त वर्ष में ही की जायेगी।

प्रसाद ने यहाँ प्रौद्योगिकी पर आधारित तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2019 के शुभारंभ के मौके पर यह घोषणा करते हुये कहा कि टेलीकॉम क्षेत्र के लिए आवश्यक सभी नीतिगत सुधार किये गये हैं। अब स्पेक्ट्रम मूल्य को लेकर चिंता जतायी जा रही है। इसके मद्देनजर स्पेक्ट्रम मूल्य में भी सुधार किया जायेगा। इससे पहले भारती एयरटेल के सुनील भारती मित्तल ने आईएमसी को संबोधित करते हुये कहा कि दुनिया के प्रमुख देशों की तुलना में



देश में स्पेक्ट्रम का मूल्य करीब सात गुना तक अधिक है।

रिलायंस जियो बोर्ड के निदेशक महेंद्र नाहटा ने इस मौके पर कहा कि 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को 5जी स्पेक्ट्रम की समय पर उपलब्धता के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र पर समग्र रूप से विचार करने की जरूरत है। 4जी नेटवर्क में 50 अरब डॉलर का निवेश हुआ है और रिलायंस जियो सबसे बड़ा नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि देश में 5जी नेटवर्क शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम, उपकरण निर्माण, डेवलपर और सर्विस के लिए एक नीति बनाने की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियों ने सरकार को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी फिलहाल नहीं करने की सलाह दी है। कंपनियों ने कहा कि 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी से पहले देश में इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर जोर दिया जाना चाहिए।

## एचपीसीएल में हिस्सेदारी बेचने के लिये स्वतंत्र है ओएनजीसी: प्रधान

**नई दिल्ली, भाषा।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी को तेल रिफाइनरी और विपणन कंपनी एचपीसीएल में अपनी हिस्सेदारी बेचने की पूरी आजादी है। एचपीसीएल के अधिग्रहण से ओएनजीसी को कोई फायदा नहीं पहुंचने संबंधी रिपोर्टों के बीच प्रधान ने यह बात कही है। उल्लेखनीय है कि ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने पिछले साल हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) में सरकार की पूरी 51.11 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिये 36,915 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। कंपनी में बहुलांश हिस्सेदार होने के बावजूद ओएनजीसी को एचपीएल के निदेशक मंडल में केवल एक सदस्य के लिये जगह मिली और प्रबंधन के मामले में उसका लगभग कोई दखल नहीं है। एचपीसीएल ने यहां तक कि करीब डेढ़ साल तक ओएनजीसी को अपना प्रवर्तक नहीं माना और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की खिंचाई के बाद ही उसने बहुलांश हिस्सेदार को प्रवर्तक के तौर पर सूचीबद्ध करना पड़ा।

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने ओएनजीसी को एचपीसीएल में हिस्सेदारी बेचने की अनुमति दी है, प्रधान ने संवाददाताओं से कहा, ''यह बाजार का निर्णय है। वे स्वायत्त कंपनियां हैं। वे उपयुक्त समय पर अपना निर्णय करने को स्वतंत्र हैं।'' ओएनजीसी को उम्मीद थी कि तेल रिफाइनरी और विपणन कंपनी को जोड़ने से उसे तेल एवं गैस कंपनी के एकीकरण में मदद मिलेगी। हालांकि, ऐसा कोई तालमेल देखने को नहीं मिला। इस अधिग्रहण के बाद शून्य कर्ज वाली कंपनी ओएनजीसी बिना नकदी के भारी कर्ज वाली कंपनी बन गयी। सूत्रों के अनुसार चूंकि सरकार ने एचपीसीएल और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) के राष्ट्रीयकरण से जुड़े प्रावधान को निरस्त कर दिया है, अतः ओएनजीसी हिस्सेदारी बेचने के लिये स्वतंत्र है।

GALLANTT

**GALLANTT METAL LIMITED**

Regd. Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014.
Telefax: 011-45048767; www. gallantt.com
E-mail: csgml@gallantt.com; CIN: L27109DL2005PLC350524

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 33 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, October 21, 2019 at 11.30 A.M. at the Head Office of the Company at "GALLANTT LANDMARK", AD Tower Compound, Bank Road, Gorakhpur, Uttar Pradesh-273001- inter alia,

1. To consider and approve the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2019 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

For GALLANTT METAL LIMITED
Sd/-
Tarun Kumar Rathi
COMPANY SECRETARY
M.N. A53303

Place: New Delhi
Date : 14.10.2019

GALLANTT

**GALLANTT ISPAT LIMITED**

Regd. Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014.
Telefax: 011-41645392; www. gallantt.com
E-mail: nitesh@gallantt.com; CIN: L27109DL2005PLC350523

**NOTICE OF BOARD MEETING**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 33 and 47of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Monday, October 21, 2019 at 4.30 P.M. at the Head Office of the Company at "GALLANTT LANDMARK", AD Tower Compound, Bank Road, Gorakhpur, Uttar Pradesh-273001- inter alia,

1. To consider and approve the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2019 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

For GALLANTT ISPAT LIMITED
Sd/-
Nitesh Kumar
COMPANY SECRETARY
M.N. F7496

Place: New Delhi
Date: 14.10.2019